# बैठक प्रतिवेदन

दिनांक 27.3.2018 को अपरान्ह 12.00 बजे महाविद्यालय विकास समिति की साधारण सभा आयोजित की गई। जिसमें निम्न सदस्यों को आमंत्रित किया गया -

अध्यक्ष - डा.(श्रीमती) रीटा गुलाटी
सचिव - डा. प्रेमजीत सूरी
कोषाध्यक्ष - डा. स्मृति जौहरी
कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय
प्रतिनिधि - डा. दिनेश तिवारी

बाह्य सदस्य -
श्री ओम कृष्ण बिरला (सांसद)
श्री प्रहलाद गुँजल (विधायक)
श्री महेश विजय (महापौर)
श्री सुरेन्द्र गोचर (जिला प्रमुख)
श्री दुर्गाशंकर मीणा (सहा. कलक्टर मुख्यालय)

श्री रामकुमार मेहता (अध्यक्ष, यू.आई.टी)
श्रीमती संध्या गुप्ता (शिक्षाविद्)
डा. उमा शर्मा (शिक्षाविद्)

स्थानीय प्रबुद्ध
नागरिक - श्रीमती कुमकुम जेटली
श्रीमती स्वाति गुप्ता
प्रतिनिधि - सुश्री नीतू सिंह
अभिभावक - श्री धर्मेन्द्र कुमार अरोड़ा (अभिभावक)
श्रीमती सुमन शर्मा (अभिभावक)

आन्तरिक विकास समिति -
श्रीमती मधु खन्ना
डा.(श्रीमती) लक्ष्मी माल



डा.(श्रीमती) प्रतिमा श्रीवास्तव
डा.(श्रीमती) फातिमा सुल्ताना
डा.(श्रीमती) मनीषा शर्मा
डा.(श्रीमती) पूनम जायसवाल
श्री जय सिंह मीणा (अति. कार्यभार. सहा. लेखा.)
श्रीमती सुमन शर्मा (स्टोर इंचार्ज)
श्रीमती मैरी कुट्टी (कैशियर)
सुश्री मानसी राठौड़ (छात्र संघ अध्यक्ष)

बैठक की कार्यवाही इस प्रकार रही -

बिन्दु स.1 : सर्वप्रथम सचिव द्वारा आमंत्रित सभी सदस्यों का पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत किया गया।

बिन्दु स.2 : गत बैठक का प्रतिवेदन सचिव द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसका अनुमोदन महाविद्यालय विकास समिति अध्यक्ष डा. श्रीमती रीटा गुलाटी जी द्वारा किया गया।

बिन्दु स.3 पिछली बैठक में अध्यक्ष व सचिव द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत तीनों संकाय की छात्राओं के लिये शीतल पेय जल व कक्षा कक्षों में पंखों की आवश्यकता बताई गई थी। विकास समिति की बैठक में उपस्थित स्थानीय प्रबुद्धजन द्वारा परिसर में निःशुल्क वाटर कूलर व पंखे भेंट किये गये। बैठक के पूर्व इसी दिन स्थानीय प्रबुद्ध नागरिक, अध्यक्ष, श्रीराम उद्यमी महिला सहकारी समिति, श्रीमती कुमकुम जेटली द्वारा वाटर कूलर का विधिवत लोकार्पण किया गया। स्थानीय प्रबुद्ध नागरिक, पूर्व अध्यक्ष इनरव्हील क्लब श्रीमती स्वाति गुप्ता द्वारा महाविद्यालय परिसर में पाँच पंखे भेंट किये गये।
विकास समिति के सभी सदस्यों ने उक्त सहयोग

के लिये हार्दिक धन्यवाद दिया व महाविद्यालय के विकास में निरन्तर भागीदारी बनाये रखने की मंशा प्रकट करी।

बिन्दु स॰ 4 : महाविद्यालय के मुख्य द्वार के पास स्थित मंदिर परिसर के सामने परिक्षा समय में दूर क्षेत्र से आने वाली छात्राओं व उनके अभिभावकों के बैठने के लिये टीन शेड व बेंच आदि की दानदाता या जनप्रतिनिधि के सहयोग से लगवाने का सभी सदस्यों ने समर्थन किया।

बिन्दु स॰ 5 : महाविद्यालय परिसर स्थित SBI, ATM कक्ष के किराये का पुन: निर्धारण विकास समिति अध्यक्ष द्वारा बैंक कर्मियों के संग बैठक कर निर्धारण करने का फैसला किया। सचिव, श्रीमती सूरी ने बताया की इसी सत्र, जनवरी 2018 से शीघ्र ही नई दरों से किराया शुल्क वसूली प्रारम्भ कर दी गई है।

बिन्दु स: 6 : विकास समिति सचिव श्रीमती सूरी ने बताया कि पिछली बैठक में मुख्य पोर्च में छात्राओं व महाविद्यालय की सुरक्षा की दृष्टि से लकड़ी का दरवाजा बनवाने का निर्णय लिया था, यह कार्य पूर्ण हो गया है।

बिन्दु स: 7 : महाविद्यालय विकास समिति ने परिसर स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स शौचालयों को PWD विभाग को पुन: स्मरण करा अतिशीघ्र मरम्मत करवाने के कार्य का समर्थन किया।

बिन्दु स: 8 : आंतरिक विकास समिति द्वारा छात्राओं की मांग व आवश्यकता को देखते हुए गणित, भौतिकशास्त्र व प्राणीशास्त्र विषय में स्ववित्त पोषी योजना के अन्तर्गत PG / M.Sc. कोर्स संचालित करने की आवश्यकता आगामी सत्र से ही शुरू करना बताया जिसका समिति के सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया।

बिन्दु स: 9 : विकास समिति सचिव श्रीमती सूरी ने महाविद्यालय विकास समिति की आय बढ़ाने के लिये नई योजनाओं पर मंथन करने की आवश्यकता बताई।

बिन्दु स: 10 : शिक्षाविद् डॉ॰ उमा शर्मा जी ने सुझाव दिया कि पूर्णतया महिला महाविद्यालय घोषित होने पर यदि कोई पुरुष सदस्य महा॰ की छात्रा का काम करवाने (document Verification, T.C लेने आदि कार्य) के लिये आता है तो उससे 50/- शुल्क लिया जाए।

बिन्दु स: 11 : कॉलेज शिक्षा प्रतिनिधि A.D. ... श्री दिनेश तिवारी जी ने परिसर में दुपहिया व साइकिल स्टैण्ड पार्किंग ठेके पर देने का सुझाव दिया।

बिन्दु स: 12 : विकास समिति अध्यक्ष ने महाविद्यालय परिसर में अधूरे रहे कार्यों का महापौर, U.I.T चैयरमेन व विधायक संदीप शर्मा जी के माध्यम से अतिशीघ्र पूर्ण करवाने की आवश्यकता बताई।

बिन्दु स: 13 : कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय प्रतिनिधि श्री दिनेश तिवारी जी ने सुझाव दिया कि

चूंकि बंटवारे के बाद तीनों संकाय (कला, वाणिज्य व विज्ञान) एक ही परिसर में संचालित हो रहे हैं अतः महाविद्यालयों की आवश्यकता, विकास योजनायें व सौन्दर्यीकरण तीनों महाविद्यालय आपसी तालमेल से करें ताकि महाविद्यालय का चरणबद्ध विकास हो सके।

बिन्दु सं: 14 : महाविद्यालय विकास समिति अध्यक्ष एवम् सचिव ने बताया कि तीनों महा० एक ही परिसर में है व वृहद परिसर की सफाई हेतु इतनी कम दर पर वर्तमान में कोई सफाईकर्मी उपलब्ध नहीं है। अतः आगामी निविदायें आमंत्रित होने तक इसी सफाईकर्मी को कार्य करने दिया जाए। इस प्रस्ताव का सभी सदस्यों ने समर्थन किया।

बिन्दु सं: 15: छात्र संघ अध्यक्ष सुश्री मानसी राठौड़ ने विज्ञान संकाय के सभी विषयों में SFS के माध्यम से PG खोलने का समर्थन किया। सुश्री मानसी राठौड़ ने छात्राओं के लिये Xerox मशीन की आवश्यकता बताई व सुझाव दिया कि इसे केंटीन परिसर में कभी रख संचालित किया जा सकता है।

अन्त में कोषाध्यक्ष डॉ. स्मृति जौहरी ने सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने पर व सहयोग प्रदान करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यों की आवश्यकता को देखते हुए व प्राथमिकता तय कर उपरोक्त कार्यवाही का अनुमोदन व पूर्व प्रस्तावों के क्रियान्वयन की सभी सदस्यों ने अनुमति प्रदान करी।

स्मृति
कोषाध्यक्ष
(डा० स्मृति जौहरी)

प्रेमजीत
सचिव,
(श्रीमती प्रेमजीत कौर सूरी)

अनुमोदित
[signature]
6/10/18

अध्यक्ष
(डा० श्रीमती रीटा मुलाटी)